>

Title: Need to provide additional funds from Central Road Fund for repair of roads in Churu Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्री राम सिंह कस्वां (चुरू): केन्द्रीय सड़क कोष (सी.आर.एफ.) के अन्तर्गत राजस्थान को अतिरिक्त धन आवंटन की मांग काफी समय से की जा रही है। मेरे संसदीय क्षेत्र के राज्य राजमार्ग राजगढ़ से पिलानी,, सिधमुख से भादरा, राजगढ़ – तारानगर – सरदारशहर – श्री डूंगरगढ़, चुरू से रतनगढ़, चुरू–सरदारशहर, सरदारशहर–लूणकरणसर व अन्तर राज्य मार्ग सधमुख से सीवानी राजस्थान सीमा तक की हालत अत्यन्त खराब है। उपरोक्त सड़क मार्ग अत्यन्त ही व्यस्तम मार्गों में से एक है, जो राजस्थान व हरियाणा के बड़े–बड़े शहरों को जोड़ने का कार्य करते हैं।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि उक्त सड़क मार्गों के लिए आवश्यक धन का आवंटन कर ग्रामीण जनता को राहत प्रदान की जावे।